जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें ।

# 2025

Question Booklet Bar Code Serial No.
प्रश्न–पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या
1034369

कोड : TUKU-01

विषय : सामान्य अध्ययन

भाग – I : सामान्य अध्ययन : प्रश्न संख्या 1 से 40

समय :

पूर्णांक :

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें — अंकों में / शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल काले बॉल–प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें । अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।

अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर

आपको अपने सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक अन्तरीक्षक को सौंप दें तथा अभ्यर्थी प्रति (नीली) अन्तरीक्षक से प्राप्त कर लें ।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं । ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक और प्रश्न–पुस्तिका जिनकी बार कोड क्रम संख्या एकसमान है, सील्ड पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट के अन्दर एक साथ रखी है ।
2. पारदर्शी सील्ड पॉलीथीन पैकेट खोलने के तुरन्त बाद, पुनः जाँच करके देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान हैं तथा सभी पृष्ठ भली–भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान न हों या इसमें अन्य कोई विसंगति हो, तो इसे अन्तरीक्षक को वापस कर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की दूसरी सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लें ।
3. अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की पुष्टि करने के उपरान्त ही ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड निर्धारित स्थान पर अंकित करें, अन्यथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न–पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें । रफ कार्य के लिए प्रश्न–पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें ।
5. इस प्रश्न–पुस्तिका में 120 प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार (4) वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले बॉल–प्वॉइंट पेन से पूरा काला कर दें ।
6. इस प्रश्न–पुस्तिका में सभी प्रश्न अंग्रेज़ी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं । द्विभाषी (अंग्रेज़ी/हिन्दी) में किसी भी प्रश्न में अस्पष्टता के मामले में प्रश्न का अंग्रेज़ी संस्करण प्रभावी होगा ।
7. **ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड :**
   ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।
   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का एक–तिहाई दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।
   (ii) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे ग़लत उत्तर माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।
   (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई दण्ड नहीं दिया जाएगा ।

नोट : कृपया प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की जाँच कर ली जाए तथा बार कोड क्रम संख्या के एकसमान न होने की दशा में उसे बदलकर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की दूसरी सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लिया जाए ।

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

## Part – I / भाग – I

### General Studies / सामान्य अध्ययन

1. The highly salty water of an ocean is converted into pure water in nature by
   (a) Adding chlorine
   (b) Water cycle
   (c) Water works department
   (d) Boiling

2. If 18th February, 2005 falls on Friday, then what will be the day on 18th February, 2007 ?
   (a) Monday (b) Tuesday
   (c) Wednesday (d) Sunday

3. From which of the following sites, evidence of water harvesting and management system of Indus Valley Civilization was found ?
   (a) Lothal (b) Bhirrana
   (c) Rakhigarhi (d) Dholavira

4. Which State is granted special status under Article 371A of the Constitution ?
   (a) Nagaland (b) Assam
   (c) Manipur (d) Sikkim

5. Smog is essentially caused by the atmospheric presence of
   (a) Oxygen and Nitrogen
   (b) Ozone and Nitrogen
   (c) Oxygen and Ozone
   (d) Oxides of Nitrogen and Sulphur

6. Which is the title of the Autobiography of Nobel Peace Prize laureate Shri Kailash Satyarthi ?
   (a) Agnipath
   (b) Parivartan Ki Jyothi
   (c) Struggle Against Child Labour
   (d) Diyasalai

7. The Headquarter of International Federation of Organic Farming Movement is situated in
   (a) Germany (b) Japan
   (c) China (d) India

1. किसी महासागर का अत्यधिक खारा जल प्रकृति में शुद्ध पानी में परिवर्तित हो जाता है
   (a) क्लोरीन मिलाने से
   (b) जल चक्र के द्वारा
   (c) जल कल विभाग द्वारा
   (d) उबालने के द्वारा

2. यदि 18 फरवरी, 2005 को शुक्रवार पड़ता है, तो 18 फरवरी 2007 को कौन-सा दिन होगा ?
   (a) सोमवार (b) मंगलवार
   (c) बुधवार (d) रविवार

3. सिंधु घाटी सभ्यता की जल संचयन और प्रबंधन प्रणाली का प्रमाण निम्नलिखित में से किस स्थल से प्राप्त हुए थे ?
   (a) लोथल (b) भिर्राणा
   (c) राखीगढ़ी (d) धौलावीरा

4. संविधान के अनुच्छेद 371A किस राज्य के विशेष दर्जे से सम्बंधित है ?
   (a) नागालैंड (b) असम
   (c) मणिपुर (d) सिक्किम

5. वातावरण में किसके उपस्थिति के कारण स्मोग बनता है ?
   (a) ऑक्सीजन एवं नाईट्रोजन
   (b) ओज़ोन एवं नाईट्रोजन
   (c) ऑक्सीजन एवं ओज़ोन
   (d) नाईट्रोजन और सल्फर के ऑक्साईड

6. नोबेल शांति पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी की आत्मकथात्मक पुस्तक का शीर्षक क्या है ?
   (a) अग्निपथ
   (b) परिवर्तन की ज्योति
   (c) बाल श्रम के विरुद्ध संघर्ष
   (d) दियासलाई

7. जैविक कृषि आन्दोलनों का अन्तर्राष्ट्रीय महासंघ मुख्यालय स्थित है
   (a) जर्मनी (b) जापान
   (c) चीन (d) भारत

8. Which of the following has a broader scope ?
(a) Internal checking
(b) Internal audit
(c) Quality control
(d) Internal control

9. According to the 'World Happiness Report 2025', which of the following country is happiest in the world ?
(a) Italy (b) New Zealand
(c) Finland (d) America

10. If price of an article is first increased by 20% and later on the price was decreased by 25% due to reduction in sales, the net percent change in the final price of the article is
(a) Increase of 5% (b) Increase of 10%
(c) Decrease of 10% (d) Decrease of 5%

11. Which of the following as the Governor of Madras, forbade soldiers, to use, caste mark on their forehead or wearing ear rings ?
(a) Lord Wellesley (b) William Bentinck
(c) Lord Dalhousie (d) Lord Hastings

12. Which of the following town is a site of the confluence of rivers Alaknanda and Bhagirathi ?
(a) Karnprayag (b) Devprayag
(c) Rudraprayag (d) Vishnuprayag

13. Select the option that is related to the third number in the same way as the second number is related to the first number.
5 : 150 : : 8 : ?
(a) 576 (b) 262
(c) 186 (d) 864

14. Which city of U.P. was known as 'Nagar Mahodaya Shree' during the time of Harshavardhana ?
(a) Vatsa (b) Koshal
(c) Kannauj (d) Kashi

15. 'Operation flood' programme is related to
(a) Verghese Kurien (b) Birsa Munda
(c) Vijay Singh (d) Vinoba Bhave

16. When was the first cotton mill established in India ?
(a) 1851 A.D. (b) 1825 A.D.
(c) 1798 A.D. (d) 1861 A.D.

8. निम्नलिखित में से किसका दायरा व्यापक है ?
(a) आन्तरिक जाँच
(b) आन्तरिक लेखा परीक्षा
(c) गुणवत्ता नियंत्रण
(d) आन्तरिक नियंत्रण

9. 'विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2025' के अनुसार विश्व का सबसे प्रसन्न देश निम्नलिखित में से कौन-सा है ?
(a) इटली (b) न्यूजीलैंड
(c) फिनलैंड (d) अमेरिका

10. एक वस्तु का मूल्य पहले 20% बढ़ाया जाता है, तथा बिक्री की कमी के कारण बाद में मूल्य को 25% घटा दिया जाता है । वस्तु के अंतिम मूल्य में शुद्ध प्रतिशत परिवर्तन है
(a) 5% की वृद्धि (b) 10% की वृद्धि
(c) 10% की कमी (d) 5% की कमी

11. मद्रास का गवर्नर रहते हुए निम्न में से किसने सैनिकों के माथे पर जातीय चिह्न लगाने तथा कान में बालियाँ पहनने से मना कर दिया था ?
(a) लॉर्ड वैलेजली (b) विलियम बेंटिंक
(c) लॉर्ड डलहौजी (d) लॉर्ड हेस्टिंग्स

12. निम्नलिखित में से कौन-सा नगर अलकनन्दा और भागीरथी नदियों का संगम स्थल है ?
(a) कर्णप्रयाग (b) देवप्रयाग
(c) रुद्रप्रयाग (d) विष्णुप्रयाग

13. वह विकल्प चुनिये जो तीसरी संख्या से उसी प्रकार सम्बंधित है जिस प्रकार दूसरी संख्या पहली संख्या से सम्बंधित है ।
5 : 150 : : 8 : ?
(a) 576 (b) 262
(c) 186 (d) 864

14. हर्षवर्धन के समय में उत्तर प्रदेश में किस नगर को 'नगर महोदय श्री' के नाम से जाना जाता था ?
(a) वत्स (b) कोशल
(c) कनौज (d) काशी

15. 'आपरेशन फ्लड' कार्यक्रम सम्बंधित है
(a) वर्गीज कुरियन (b) बिरसा मुंडा
(c) विजय सिंह (d) विनोबा भावे

16. भारत में पहली सूती मिल कब स्थापित हुई ?
(a) 1851 ई. (b) 1825 ई.
(c) 1798 ई. (d) 1861 ई.

17. The leakage of which of the following gases caused Bhopal Gas Tragedy in 1984 ?
(a) Ammonia
(b) Methyl Isocyanate
(c) Nitrogen Oxide
(d) Carbon Monoxide

18. What causes rainfall in the coastal areas of Tamil Nadu by the beginning of winter ?
(a) North east monsoon
(b) Temperate cyclones
(c) Local air circulation
(d) South west monsoon

19. Which one is an activity of the industry ?
(a) Banking institutions
(b) Transport companies
(c) Insurance business
(d) None of the above

20. In 100 m race, A can beat B by 25 m and B can beat C by 4 m. In the same race A can beat C by
(a) 26 m (b) 28 m
(c) 29 m (d) 21 m

21. Who among the following presented the Koh-i-noor Diamond to Maharaja Ranjit Singh ?
(a) Dost Mohammad (b) Shah Mahmood
(c) Shah Shuja (d) Fateh Khan

22. Which of the following cereal group is included in coarse grains ?
(a) Sorghum, Millet, Ragi
(b) Corn, Millet, Rice
(c) Pulse, Oats, Wheat
(d) Rice, Wheat, Sorghum

23. What majority is required in Parliament for the creation of new States in India ?
(a) A two-third majority
(b) A two-third majority and the support of half of the States
(c) Support from the State from which new State is being created, with two-third majority
(d) Simple majority

24. Genetic disorder is
(a) Typhoid (b) Neurosis
(c) Colour blindness (d) Polio

17. निम्न में से किस गैस के रिसाव से सन् 1984 में भोपाल गैस त्रासदी हो गयी थी ?
(a) अमोनिया
(b) मिथाइल आईसोसाइनेट
(c) नाईट्रोजन ऑक्साईड
(d) कार्बन मोनोऑक्साईड

18. जाड़े के प्रारंभ में तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में वर्षा किस कारण होती है ?
(a) उत्तर पूर्वी मानसून
(b) शीतोष्ण कटिबंधीय चक्रवात
(c) स्थानीय वायु संचरण
(d) दक्षिण पश्चिम मानसून

19. इनमें से कौन-सी गतिविधियाँ उद्योग की है ?
(a) बैंकिंग संस्थान
(b) परिवहन कम्पनियाँ
(c) बीमा व्यवसाय
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

20. एक 100 मीटर की दौड़ में A, B को 25 मीटर से हराता है और B, C को 4 मीटर से हराता है, उसी दौड़ में A, C को हरा सकता है
(a) 26 मीटर से (b) 28 मीटर से
(c) 29 मीटर से (d) 21 मीटर से

21. निम्न में से किसने महाराजा रणजीत सिंह को कोह-ए-नूर हीरा भेंट किया था ?
(a) दोस्त मुहमद (b) शाह महमूद
(c) शाह शुजा (d) फतेह खाँ

22. मोटे अनाज में निम्न में से कौन-सा अनाज समूह सम्मिलित है ?
(a) ज्वार, बाजरा, रागी
(b) मक्का, बाजरा, चावल
(c) दाल, जई, गेहूँ
(d) चावल, गेहूँ, ज्वार

23. भारत में नए राज्यों के निर्माण हेतु संसद में कौन-सी बहुमत की आवश्यकता पडती है ?
(a) 2/3 बहुमत
(b) 2/3 बहुमत के साथ आधे राज्यों का समर्थन
(c) 2/3 बहुमत के साथ उस राज्य का समर्थन जिससे नया राज्य बनाया जा रहा है
(d) साधारण बहुमत

24. आनुवंशिक रोग है
(a) टाईफाईड (b) न्यूरोसिस
(c) वर्णांधता (d) पोलियो

25. In which case did the Hon'ble Supreme Court declare that "Secularism" is the basic structure of the Indian Constitution ?
(a) S. R. Bommai vs Union of India
(b) Gopalan vs State of Madras
(c) Shankari Prasad vs Union of India
(d) Ahmad Khan vs Shah Bano Case

26. Which country leads in terms of area of lands under organic farming ?
(a) Australia (b) Germany
(c) China (d) India

27. Which musician was given the title of 'Bihari Bulbul' ?
(a) Zain-ul-Abidin (b) Chintamani
(c) Baiju Bavara (d) Vidyapati

28. Mahogany tree is mainly found in which one of the following vegetation region ?
(a) Mountain forest
(b) Tropical deciduous forest
(c) Tropical rain forest
(d) None of the above

29. If the first half of the English alphabet is written in reverse order, then which letter will be 15th from the right ?
(a) C (b) B
(c) A (d) D

30. Which of the following scripture mentions immortality, but not liberation ?
(a) Rigveda (b) Upanishdas
(c) Angutter Nikaya (d) Agam

31. Who led the 'Eka' movement in Avadh ?
(a) Sahjanand (b) Shiv Verma
(c) Kundan Lal (d) Madari Pasi

32. When did the U.P. Government start the 'Zero Poverty Campaign' ?
(a) 02 October 2023 (b) 15 August 2024
(c) 02 October 2024 (d) 15 August 2022

33. Who gave the title of 'Nadr-e-Zaman' to Saint Siddhi Chandra Jain ?
(a) Jahangir (b) Shahjahan
(c) Humayun (d) Akbar

25. माननीय उच्चतम न्यायालय ने किस केस में यह घोषित किया है कि ''पंथनिरपेक्षता'' भारतीय संविधान का आधारभूत ढाँचा है ?
(a) एस. आर. बोम्मई बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया
(b) गोपालन बनाम मद्रास राज्य
(c) शंकरी प्रसाद बनाम भारतीय संघ
(d) अहमद खान बनाम शाह बानो प्रकरण

26. जैविक खेती के तहत भूमि क्षेत्रफल के संदर्भ में कौन–सा देश सबसे आगे है ?
(a) आस्ट्रेलिया (b) जर्मनी
(c) चीन (d) भारत

27. किस संगीतकार को 'बिहारी बुलबुल' की उपाधि दी गयी ?
(a) जैन–उल–अबिदीन (b) चिन्तामणि
(c) बैजू बावरा (d) विद्यापति

28. महोगनी वृक्ष निम्नलिखित में से कौन–सा एक वनस्पति वन प्रदेश में प्रमुखता से पाया जाता है ?
(a) पर्वतीय वन
(b) उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन
(c) उष्णकटिबंधीय वर्षा वन
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

29. यदि अंग्रेजी वर्णमाला के पहले आधे भाग को उल्टे क्रम में लिखा जाये तो दाएँ से 15 वाँ अक्षर कौन–सा होगा ?
(a) C (b) B
(c) A (d) D

30. निम्नलिखित में से कौन–सा ग्रंथ अमरता का उल्लेख करता है, मोक्ष का नहीं ?
(a) ऋग्वेद (b) उपनिषद
(c) अगुत्तर निकाय (d) आगम

31. अवध में 'एका' आन्दोलन का नेतृत्व किसने किया था ?
(a) सहजानंद (b) शिव वर्मा
(c) कुन्दन लाल (d) मदारी पासी

32. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'शून्य गरीबी अभियान' कब शुरू किया गया था ?
(a) 02 अक्टूबर 2023 (b) 15 अगस्त 2024
(c) 02 अक्टूबर 2024 (d) 15 अगस्त 2022

33. संत सिद्धि चंद्र जैन को किसने 'नादिरे–जमां' की उपाधि दी ?
(a) जहाँगीर (b) शाहजहाँ
(c) हुमायूँ (d) अकबर

34. Which of the following is NOT part of 'four stage' disaster management approach ?
(a) Mitigation (b) Preparation
(c) Recovery (d) Alertness

35. Travelling at $\frac{3}{5}^{th}$ of his usual speed, a man is late by 20 minutes, what is the usual time of the travels with his usual speed ?
(a) 30 minutes (b) 35 minutes
(c) 40 minutes (d) 25 minutes

36. In the primary capital market
(a) Issue of capital to the public
(b) Funds are raised from the long-term financial institutions
(c) Funds are raised from the commercial banks
(d) Shares are sold and purchased

37. Recently Union Minister Mr. Jitendra Singh launched an indigenously AI based multimodel, large language model in New Delhi, is named as
(a) Bhasha Setu (b) Bharat AI
(c) Swadeshi LLM (d) Bharat Gen

38. According to the 2011 census, how many women are there, in per thousand men in U.P. ?
(a) 943 (b) 933
(c) 912 (d) 898

39. The backward jerk felt, when a gun is fired, is example of
(a) Newton's third law of motion
(b) Newton's first law of motion
(c) Newton's second law of motion
(d) None of these

40. Which of the following is the primary reason for loss of Biodiversity ?
(a) Habitat destruction and fragmentation
(b) Introduction of Exotic species
(c) Extension of Agriculture
(d) Pollution

34. निम्न में से कौन 'चार चरणों वाले' आपदा प्रबंधन उपागम का हिस्सा नहीं है ?
(a) निवारण (b) तैयारी
(c) रिकवरी (d) सतर्कता

35. अपनी सामान्य चाल से $\frac{3}{5}$ की चाल से चलने पर किसी आदमी को 20 मिनट की देर हो जाती है । यदि वह अपनी सामान्य चाल से चले तो उसे कितना सामान्य समय लगेगा ?
(a) 30 मिनट (b) 35 मिनट
(c) 40 मिनट (d) 25 मिनट

36. प्राथमिक पूँजी बाजार में
(a) जनता को पूँजी जारी करते हैं
(b) दीर्घकालिक वित्तीय संस्थानों से धन जुटाया जाता है
(c) वाणिज्यिक बैंकों से धन जुटाया जाता है
(d) अंशों का क्रय और विक्रय किया जाता है

37. हाल ही में केंद्रीय मंत्री श्री जितेन्द्र सिंह ने नई दिल्ली में एक स्वदेशी AI आधारित मल्टीमॉडल, लार्ज लैंग्वेज मॉडल लॉन्च किया, जिसका नाम है
(a) भाषा सेतु (b) भारत ए.आई.
(c) स्वदेशी एल.एल.एम. (d) भारत जेन

38. 2011 की जनगणना के अनुसार प्रति हजार पुरुषों पर उत्तर प्रदेश में कितनी स्त्रियाँ हैं ?
(a) 943 (b) 933
(c) 912 (d) 898

39. बन्दूक की गोली छोड़ते हैं, तो पीछे की ओर झटका लगता है, उदाहरण है
(a) न्यूटन की गति के तृतीय नियम का
(b) न्यूटन की गति के प्रथम नियम का
(c) न्यूटन की गति के द्वितीय नियम का
(d) इनमें से कोई नहीं

40. जैव विविधता के नुकसान का प्राथमिक कारण निम्न में से कौन है ?
(a) आवास का विनाश और विखंडन
(b) विदेशी प्रजातियों का आगमन
(c) कृषि विस्तार
(d) प्रदूषण